भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2728
बुधवार, दिनांक 07 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

2728. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः
श्री केसिनेनी शिवनाथः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आन्ध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या आन्ध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम का निर्माण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) आन्ध्र प्रदेश में वर्तमान में कार्यरत डिस्कॉम की संख्या कितनी है; और

(ङ) आन्ध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में घरों द्वारा बेची गई अधिशेष विद्युत इकाइयों की कुल राशि कितनी है और इससे कितना राजस्व प्राप्त हुआ है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दिनांक 02.08.2024 की स्थिति के अनुसार, आन्ध्र प्रदेश राज्य में 23,488 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 1602 स्थापनाएं हुई हैं। लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) और (ग): पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, चुनौती (चैलेंज) मोड में चयन द्वारा देश के प्रत्येक जिले में एक मॉडल सौर ग्राम विकसित करने का प्रावधान शामिल है। अब तक ऐसा कोई चयन नहीं किया गया है।

(घ) वर्तमान में, आन्ध्र प्रदेश राज्य में तीन डिस्कॉम कार्यरत हैं।

(ङ) आन्ध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एपीईआरसी) द्वारा फरवरी, 2024 में जारी आन्ध्र प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग (नेट/सकल मीटरिंग के अंतर्गत ग्रिड इंटरेक्टिव सौर रूफटॉप फोटोवोल्टेक प्रणाली) विनियम, 2023 के अनुसार, नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत एक आवासीय उपभोक्ता द्वारा एक माह के दौरान ग्रिड में उत्पादित और भेजी गई किसी भी अधिशेष सौर ऊर्जा का भुगतान संबंधित डिस्कॉम द्वारा एपीईआरसी द्वारा निर्धारित फीड-इन-टैरिफ (एफआईटी) के अनुसार किया जाएगा। वर्तमान में, आन्ध्र प्रदेश में नेट-मीटरिंग व्यवस्था के तहत एपीईआरसी द्वारा निर्धारित फीड-इन-टैरिफ (एफआईटी) 2.09 रु. प्रति किलोवाट घंटा है। एक घर के लिए ग्रिड में भेजी जाने वाली मासिक अधिशेष बिजली की मात्रा उस माह के दौरान उत्पादित सौर विद्युत तथा बिजली की घरेलू खपत के आधार पर भिन्न हो सकती है।

अनुलग्नक

'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के संबंध में पूछे गए दिनांक 07.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2728 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 02.08.2024 की स्थिति के अनुसार, आन्ध्र प्रदेश राज्य में लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा

| क्र.सं. | जिलों के नाम | आवेदन (संख्या) | स्थापना (संख्या) | सब्सिडी प्राप्त करने वाले उपभोक्ता (संख्या) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 222 | 0 | 0 |
| 2 | अनकापल्ली | 1136 | 54 | 4 |
| 3 | अनंतपुरमु | 1106 | 12 | 1 |
| 4 | अन्नमय्या | 746 | 10 | 2 |
| 5 | बापतला | 847 | 52 | 4 |
| 6 | चित्तूर | 893 | 38 | 8 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 1442 | 188 | 21 |
| 8 | एलुरु | 784 | 48 | 6 |
| 9 | गुंटूर | 1315 | 113 | १३ |
| 10 | काकीनाडा | 1462 | 94 | 15 |
| 11 | कोनासीमा | 471 | 29 | 0 |
| 12 | कृष्णा | 993 | 95 | 18 |
| 13 | कुरनूल | 597 | 16 | 2 |
| 14 | नांदयाल | 406 | 1 | 0 |
| 15 | एनटीआर | 1011 | 125 | 30 |
| 16 | पालनाडु | 690 | 36 | 0 |
| 17 | पार्वतीपुरम मन्यम | 181 | 5 | 0 |
| 18 | प्रकाशम | 1123 | 50 | 12 |
| 19 | एसपीएसआर नेल्लोर | 903 | 25 | 1 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 469 | 0 | 0 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 662 | 73 | 2 |
| 22 | तिरुपति | 1155 | 49 | 1 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 1555 | 272 | 55 |
| 24 | विजयनगरम | 1255 | 60 | 3 |
| 25 | पश्चिमी गोदावरी | 1051 | 124 | 12 |
| 26 | वाईएसआर | 1013 | 33 | 3 |
|  | कुल | 23488 | 1602 | 213 |

*****